## खबर संक्षेप

### गली में खड़ी बाइक चोरी कर फरार हुए चोर

**रादौर।** सक्रिय बाइक चोर गिरोह के सदस्य रादौर की डाकखाना गली से एक व्यक्ति की बाइक चुरा ले गए। पुलिस ने प्रभावित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है। सीवन निवासी मोहित शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 12 जून को वह किसी काम से रादौर की डाकखाना गली में अपने दोस्त के पास आया था। इस दौरान किसी ने पुराने डाकखाने के पास से उसकी बाइक चुरा ली। उसने अपनी बाइक को खोजने की बहुत कोशिश की। लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

### वैल्डिंग की दुकान से हजारों का सामान चोरी

**रादौर।** बिहारी चौक जठलाना पर स्थित एक वैल्डिंग की दुकान की दीवार तोड़कर अज्ञात लोग हजारों रूपये का सामान चुरा ले गए। पुलिस ने प्रभावित दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है। सुभाषचंद निवासी लक्सीबांस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिहारी चौक पर वैल्डिंग की दुकान चलाता है। गत 14 जून की रात को लगभग नौ बजे वह दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। अगले दिन जब वह अपनी दुकान पर आया तो दुकान खोलने पर उसने देखा कि दुकान की दीवार टूटी हुई थी। दुकान से वैल्डिंग सेट की लीड, पानी देने वाला एक पंखा व 2 हजार रुपये की नकदी गायब थी।

### मादक पदार्थ की खेप के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव महराणा के पास हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो मधुबन, करनाल की एचएसएनसीबी टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बस में मादक पदार्थ ले जा रहे दुरगेश पुत्र बालु लाल निवासी गांव बोहेड़ा, तहसील बड़ी सादड़ी चितौड़गढ़, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी सवारी बनकर एक निजी स्लीपर बस स्लीपर बस नंबर एनएल 02बी3899 में बैठा था। स्टोरेज स्पेस में उसने दो वजनदार गत्ते की पेटियां रखी थी। जिसमें 33 किलो 490 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# गर्मी की तपिश और लू के कहर से लोग हुए बेहाल, तापमान 46 के पार

## पशु-पक्षी भी हो रहे हलकान, पंखे भी गर्म हवा फैंकने लगे, बाजार में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। आलम यह है कि गर्मी की तपिश और लू के कहर से जहां आमजन बेहाल हो रहा है, वहीं, पशु पक्षी भी गर्मी से हलकान हो गए हैं। गर्मी का असर बाजारों में भी दिखाई दे रहा है। सोमवार को भी दिन भर गर्मी से जहां लोग बेहाल रहे वहीं पशु-पक्षी भी गर्मी से राहत पाने के लिए नदी तालाबों का रूख करते दिखाई दिए। सोमवार को जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 46 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

- नहरों व तालाबों में नहाकर लोगों ने गर्मी से निजात पाने का प्रयास किया



यमुनानगर में सोमवार को तापमान बढ़ने से नाले में प्यास बुझाकर गर्मी से राहत पाते हुए पक्षी और नहर में नहाते हुए लोग।

सोमवार को सुबह होते ही मौसम में गर्मी की तपिश बन गई और लू का कहर बरपने लगा। जैसे जैसे दिन बढ़ता गया लू का कहर और भीष्ण गर्मी की लपटों ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। लोग घरों में दुबक गए। दोपहर के समय तो हालत और भी ज्यादा खराब हो गई। मकान की छतों में लगे पंखे भी गर्म हवा फैंकने लगे। जिनसे परेशान होकर कुछ लोग पेड़ों की छांव के तले चले गए और कुछ लोगों ने नहरों व तालाबों में कुछ देर नहाकर गर्मी से निजात पाने का प्रयास किया। ग्रामीण इलाकों में तो और भी ज्यादा परेशानी हुई। क्योंकि बिजली के कट लगने से ग्रामीण इलाकों में बच्चे, बुजुर्ग व बीमार हलकान रहे। दुकानदार मोंटी, कुलविंद्र, रोहित व विशाल आदि ने बताया कि गर्मी के कारण अधिकांश लोग बाजार में नहीं आ रहे हैं। दोपहर के वक्त तो बाजार सुनसान होने लगे हैं। वहीं गर्मी के कारण दुकानदारी शाम को ही रह गई है। आलम यह है कि शाम छह से आठ बजे तक ही लोग बाजार में निकल रहे हैं। कपड़ा विक्रेता राधे श्याम ने बताया कि दिन में गर्मी होती है, वही रात को लोग कपड़े खरीदने से परहेज करते हैं। जिस कारण उनका धंधा पूरी तरह से चौपट हो गया है।

### ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी

गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थों बेचने वालों की बल्ले बल्ले हो गई है। मिल्क बादाम बेचने वाले राम कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सेल में एकदम बढ़ोतरी हुई है। वहीं आईसक्रीम की भी खूब डिमांड बढ़ गई है। सोमवार को भीष्म गर्मी की वजह से जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 46 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तापमान में गिरावट आने की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है।

# साढ़े चार लाख की लागत से ग्रीन पार्क को मिलेगा भव्य स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर के ग्रीन पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

ग्रीन पार्क कालोनी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पार्क में पर्यावरण को बढ़ावा देने व स्वच्छता बारे लोगों को जागरूक करने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजसेवी राजकुमार नैयर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर लगभग 33 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिन्हें मुख्य अतिथि ने सम्मानित भी किया।

- स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर ओमप्रकाश भाटिया को किया गया सम्मानित

एसोसिएशन के प्रधान दवेंदर मेहता ने कहा कि यह पार्क मात्र संगठन के सदस्यों का नहीं है आप सबका है। इसलिए आप सब पार्क की स्वच्छता का ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि साढ़े चार लाख रुपए की लागत से पार्क और सुंदर बनाने को लेकर कार्य इस सप्ताह आरंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही ठेकेदार को वर्क आर्डर मिलते ही काम आरंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पार्क में स्थित कमरों की खस्ता हालत छत को भी ठीक करवाने को लेकर नगर निगम आयुक्त को पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई कि वह न तो गंदगी फैलाएंगे और न ही फैलने देंगे तथा पर्यावरण को बढ़ावा देने को लेकर पौधा रोपण भी जरूर करेंगे।

मुख्य अतिथि राजकुमार नैयर ने कहा कि बच्चों में आज प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, कमी है तो मात्र उन्हें एक प्लेटफार्म प्रदान करने की। इस अवसर पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश भाटिया को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। मौके पर विनोद सेठी, नरेश नागपाल, नरेश मेहता, सुभाष दत्ता, स्वर्ण सिंह, विमल चुघ, ओम प्रकाश भाटिया, अशोक मक्कड़, ओम प्रकाश कपूर, धर्मपाल खुराना, कृष्ण लाल भाटिया आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया ईद-उल-अजहा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

इस्लाम धर्म में कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा सोमवार को मुस्लिम समुदाय ने जिले भर में धूमधाम से मनाया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की और एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। हिंदू समुदाय के लोगों ने भी मुसलिम समुदाय के लोगों के गले लगकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।

- नमाज अदा कर एक-दूसरे को दी बधाई

सोमवार सुबह से ही शहर की जामा मस्जिद समेत छछरौली, खिजराबाद, कोट, कोट कलसिया, रादौर, नगली, बुड़िया, मानकपुर आदि जगहों पर बनी मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अता करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर नमाज अदा की। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे के गले लगकर सभी को ईद की बधाई दी। इस मौके पर छोटे बच्चों ने मस्जिदों के बाहर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी की। ईद उल जुहा के मौके पर कई स्थानों पर दंगल का आयोजन भी किया गया।


यमुनानगर में ईद-उल-अजहा के मौके पर मस्जिदों में नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग। फोटो : हरिभूमि

### ईद-उल-अजहा है कुर्बानी का पर्व

इस्लाम धर्म में ईद-उल-अजहा कुर्बानी का पर्व है। इस दिन सबसे पहले मस्जिदों व ईदगाहों में जाकर नमाज अदा की जाती है। इसके बाद बकरे या भेड़ की कुर्बानी दी जाती है। बताया गया है कि इस्लाम मजहब में कुर्बानी को बहुत अहमियत हासिल है। यही वजह है कि ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर मुसलमान अपने रब को राजी और खुश करने के लिए कुर्बानी देते हैं। इस्लाम धर्म की मान्यताओं के मुताबिक एक बार अल्लाह ने हजरत इब्राहिम की आजमाइश के तहत उनसे अपनी राह में उनकी सबसे प्रिय चीज कुर्बान करने का हुक्म दिया। अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम अपने सबसे प्यारे बेटे की कुर्बानी देने पर राजी हो गए। बताया गया है कि इस दौरान हजरत इब्राहिम ने जैसे ही अपने बेटे की गर्दन पर छुरी रखी तो अल्लाह के हुक्म से उनके बेटे के स्थान पर भेड़ जिबह हो गई। इससे यह पता चलता है कि हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे की मुहब्बत से बढ़ कर अपने रब की मुहब्बत को अहमियत दी। तब से लेकर अल्लाह की राह में कुर्बानी करने का सिलसिला चला आ रहा है।

### शादी का झांसा देकर लड़की को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर 17 वर्षीय लड़की को अगवा कर लिया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की 16 जून को किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को बिहार निवासी रूपेश पासवान शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## न्यूज डायरी

### दुकानदारों ने लगाई ठंडे मीठे जलजीरा की छबील



**रादौर।** दुकानदारों ने रादौर में सोमवार को निर्जला एकादशी पर्व को लेकर ठंडे मीठे जलजीरा की छबील लगाई। इस दौरान दुकानदारों ने अपना कामकाज ठप कर दिन भर राहगिरों को ठंडा मीठा जलजीरा पिलाकर पुण्य कमाया। रादौर के दुकानदार सुनील कुमार, चक्षु सिंगला, संजू, जाली व चक्षु आदि ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर सभी दुकानदारों ने ठंडे मीठे जलजीरे की छबील लगाकर मानवता की सेवा करने का काम किया है। जिसमें सभी दुकानदारों ने तनमनधन से पूरा सहयोग किया। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा करना हर मानव का धर्म होता है। सभी को अपनी योग्यता अनुसार मानवता की सेवा अवश्य करनी चाहिए। वहीं उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। मौके पर छबील के आयोजक दुकानदारों ने लोगों से जल बचाने, पर्यावरण स्वच्छ रखने व नशा आदि बुराईयों से दूर रहने के लिए आहवान किया।

### राहगीरों को मीठा ठंड जल पिलाकर कमाया पुण्य



**रादौर।** गर्मी की तपिश से लोगों को राहत दिलाने के लिए रादौर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। इस दौरान छबील आयोजकों ने राहगीरों को रोक रोक कर ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। **खेड़ा मोहल्ला रादौर में आयोजित की छबील**

रादौर के खेड़ा मोहल्ला में श्रद्धालुओं ने छबील लगाकर राहगीरों को मीठा ठंडा जल पिलाया। मौके पर बच्चों ने भी छबील पर लोगों को जल पिलाने में पूरा सहयोग किया। आयोजक आरव वशिष्ठ, देवांश वशिष्ठ, अनुराग सैनी, कार्तिक सैनी, कुश सेठी, नव्या सेठी, दिशा सैनी, आरना वशिष्ठ, टिया व जैसमीन आदि ने बताया कि सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक व अन्य संस्थाओं की ओर से मीठे जल की छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया जा रहा है।

**विश्वकर्मा मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित की छबील**

रादौर की विश्वकर्मा कॉलोनी में मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे व संजीव प्रधान के नेतृत्व में आयोजित छबील में हजारों लोगों ने मीठा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर अवध बिहारी पांडे व प्रधान संजीव धीमान ने बताया कि लोगों को भंयकर गर्मी से राहत दिलाने के लिए मीठे जल की सेवा की गई है। इस अवसर पर प्रेम धीमान, बिल्लू धीमान, नरेश धीमान, दलवीर ,सतीश, गौतम व अंकुश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सिद्धि व साधना के लिए गुप्त नवरात्रि महत्वपूर्ण

**रादौर।** हिंदू धर्म में गुप्त नवरात्रि को धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना गया है। इस संबंध में श्रीराधा कृष्ण मंदिर रादौर के महंत भगवती प्रसाद शुक्ल ने बताया कि इस बार आषाढ माह में गुप्त नवरात्रि का आरंभ 6 जुलाई से हो रहा है। धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का बड़ा ही महत्व है। महंत भगवती प्रसाद शुक्ल ने बताया कि वर्ष भर में चार नवरात्रि आती हैं। जिनमें आश्विन मास की शारदीय व चैत्र नवरात्रि को श्रद्धालु बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। इन्हें प्रकट नवरात्रि कहते हैं। जबकि माघ व आषाढ़ में जो नवरात्रि आती है उसे गुप्त नवरात्रि कहते हैं। क्योंकि जन सामान्य में यह बहुत प्रचलित नहीं हैं। इसकी वजह यह है कि गुप्त नवरात्रि को सिद्धि व साधना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने बताया कि आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का आरंभ अबकी बार आर्द्रा नक्षत्र में हो रहा है। जो राहु का नक्षत्र है। तंत्रशास्त्र व धार्मिक ग्रंथों में बताया गया कि देवी की उपासना, तंत्र मंत्र की सिद्धि राहुकाल, राहु के नक्षत्र में किया जाए तो यह अधिक फलदायी और लाभकारी होता है।



- श्री राधा कृष्ण मंदिर रादौर के महंत भगवती प्रसाद शुक्ल ने आषाढ़ गुप्त नवरात्रि का बताया महत्व

संयोगवश आषाढ़ गुप्त नवरात्रि का आरंभ अबकी बार वृद्धि योग में हो रहा है। ऐसे में गुप्त नवरात्रि पर देवी की दस महाविद्याओं की उपासना ध्यान पूर्वक करने वाले भक्ति, ऋद्धि सिद्धि से निहाल होंगे। उन्होंने बताया कि नवरात्रि की उपासना में चारों नवरात्रि में दोनों प्रकट नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जाती है। जबकि गुप्त नवरात्रि पर देवी की दस महाविद्याओं की साधना की जाती हैं। देवी की ये दस महाविद्याएं बहुत ही शक्तिशाली हैं। ये जिस भक्त पर कृपा कर देती हैं, उनके लिए संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है। उन्होंने बताया कि आषाढ़ गुप्त नवरात्रि अबकी बार 6 जुलाई से आरंभ होकर 16 जुलाई को समाप्त हो रहा है। ऐसे में अबकी बार आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 9 दिनों की होगी।

### युवक पर चाकू से किया हमला

**यमुनानगर।** कस्बा बुड़िया में रंजिश के चलते एक युवक ने साकिब पर चाकू से हमला कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुड़िया निवासी साकिब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गौरव के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। इसके बाद से आरोपी गौरव उससे रंजिश रखता था। 15 जून को रात नौ बजे वह कस्बे में सड़क पर जा रहा था। इस दौरान गौरव ने उसे रोक लिया और चाकू निकालकर उसकी गर्दन पर हमला किया। चाकू उसके गले व छाती में लगा। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी गौरव वहां से भाग गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गौरव के खिलाफ धारा 307, 323, 341 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# देवर्षि नारद ने हमेशा लोकहित के लिए किए कार्यः गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विश्व संवाद केंद्र जगाधरी के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट जगाधरी में सोमवार को देवर्षि नारद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान बदलते परिवेश में पत्रकारिता के लिए चुनौतियां विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग ने भाग लिया। वहीं, राजकीय महाविद्यालय अहडवाला बिलासपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रमेश धारीवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

- धूमधाम से मनी देवर्षि नारद जी की जयंती

मुख्य वक्ता एडवोकेट मुकेश गर्ग ने कहा कि देवर्षि नारद को इस ब्रह्मांड का प्रथम पत्रकार माना गया हैमौके पर डॉ. रमेश धारीवाल ने कहा कि समाज के अंदर महर्षि नारद के संदर्भ में अलग तरह का नैरेटिव खड़ा किया गया है। जिसमें उनकी भूमिका नकारात्मक दिखाई पड़ती है। देवर्षि नारद के बारे में कहा जाता है कि वे इधर की बात को उधर करने का कार्य करत थे। जो कि सत्य नहीं है। भारत की संस्कृति और सनातन धर्म के निर्माण में ऋषि मुनियों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि गुलामी की मानसिकता को दूर करने में पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। जिला प्रचार प्रमुख रजनी प्रकाश ने कहा कि हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदंत मार्तंड से लेकर आज के दौर तक पत्रकारिता ने अनेक चुनौतियों का सामना किया है। डीएवी गर्ल्स कालेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा दिव्यांशी ने महर्षि नारद जयंती मनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जबकि प्रियम ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप व चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हरिश, विवेक मित्तल, अजय, विवेक, प्रवेश, ,मनीष, सुमित, परमेश व संजीव आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर के महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट में देवर्षि नारद जी जयंती पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर सम्मानित करते हुए आयोजक।

**महाआरती** | पंजाबी धर्मशाला में आदि शक्ति जगतजननी मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन

# सही जीवन जीने के लिए मानवीय मूल्यों का होना जरुरी: मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

भगवती मानव कल्याण संगठन व पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रादौर की पंजाबी धर्मशाला में आदि शक्ति जगदजननी मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के शुभारंभ पर रीना मसाना व श्रुति चमरोडी ने सर्वप्रथम माँ व श्री गुरुवर के जयकारे लगवाए। उसके बाद तीन तीन बार शंखनाद किया गया। महाआरती में भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने कहा कि हमारे अंदर मानवीय मूल्य की स्थापना होनी चाहिए। तभी हम सही जीवन जी पाएंगे। हमें भयए भूखए भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना होगा। सबसे पहले हमारा कर्तव्य नशा मुक्त बनना है। नशा मुक्त रहकर ही हम सही समाज का निर्माण कर सकते हैं। हमारी युवा पीढ़ी नशे की गर्त में धस्ती जा रही है। हमें उसे बचाना होगा। जब आपका पूरा परिवार नशा मुक्त होगा, तभी आप निश्चितता का जीवन जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि यदि आप सब अपने बच्चों का सुंदर भविष्य चाहते हैं तो नशामुक्त जीवन जीएं। ताकि आपके बच्चों का भविष्य सुनहरा हो सके।


यमुनानगर के रादौर में आयोजित मां दुर्गा की महाआरती में भाग लेते श्रद्धालु।

### पतन का मूल कारण नशा

उन्होंने बताया कि हमारे पतन का मूल कारण नशा है। नशा चाहे कोई भी हो उसका प्रभाव बहुत घातक होता है। सबसे पहले हमें इसी बुराई को जड़ से मिटाना होगा। इसके साथ साथ हमें पर्यावरण को भी बचना होगा। घर में जब बच्चे का जन्मदिन हो तो हमें एक पौधा लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करके उसको बड़ा करना चाहिए। हम सभी अपने जन्मदिन पर एक एक पौधा लगा सकते हैं। पौधा लगाना बड़ी बात नहीं है, बड़ी बात है उसको पालकर बड़ा करना है। मेहता ने कहा कि प्रकृति हमारी माता है। हमें इसे बचाना होगा। जिला अध्यक्ष कृष्ण त्यागी ने भी साधना के बारे में कुछ विशेष चिंतन दिए। उसके बाद राजेश बूबका ने आए हुए सभी मां भक्तों का हार्दिक आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बलवंत चमरोडी, शेर सिंह बुबका, तेजपाल, बीरबल, सोहनलाल, प्रवीण बापौली, सुभाष, दीपचंद, नरेंद्र, दीवान चंद कांबोज मंधार, सतप्रकाश, मुस्कान, प्रविता व सरोज आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच मेले में 82 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जीवनदीप संस्थान के तत्वावधान में रादौर स्थित पैलेस में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच मेले का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच मेले का शुभारंभ मुख्यातिथि समाजसेवी भीम सिंह राठी व विशिष्ट अतिथि दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज तथा समाजसेवी पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के आयोजक व जीवनदीप संस्थान के प्रभारी डॉ. अजय मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जीवनदीप संस्थान के प्रभारी डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 82 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान शिविर में सिटी चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच मेले में 1235 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां, 400 नजर के चश्मे वितरित किए गए।


यमुनानगर के रादौर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा लाडवा द्वारा निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर छबील लगाई। प्रधान पवन गर्ग ने कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल, जितेंद्र वीर गुप्ता रीडर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ से, प्रिंसिपल धर्मेंद्र खेड़ा, उप-प्रिंसिपल नरेंद्र शर्मा, स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में ठंडा में मीठे पानी की छबिल लगाई गई।

# आग उगलते सूर्य व गर्म हवा के कारण जनजीवन प्रभावित

- सोमवार को पारा 45 डिग्री पार हो गया
- पशु, पक्षी पानी व छांव की तलाश में इधर-उधर भागते फिर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। सुनसान पड़ा रेलवे रोड। फोटो : हरिभूमि

आग उगलते सूर्य व गर्म हवा के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। लू का प्रकोप बढ़ गया है। गर्मी के कारण नागरिकों का हाल बेहाल है। घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। गर्म हवा से लोगों का हलक सूख रहा है। सोमवार को पारा 45 डिग्री पार हो गया। न्यूनतम तापमान 32 डिग्री रहा। बाजार में लू के कारण सन्नाटा रहता है। गर्मी के कारण पशु, पक्षी पानी व छांव की तलाश में इधर उधर भागते फिर रहे हैं। गर्मी के कारण सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा छा जाता है। लोग अपनी घरों से नहीं निकल रहे हैं। तापमान में आई उफान से आम जनजीवन त्रस्त है। व्यवसायी मुकेश एवं लालचंद ने बताया कि लू के कारण दुकानदारी पर प्रभाव पड़ रहा है। सुबह व शाम में दुकानदारी हो रही है। धूप के कारण चलना मुश्किल हो गया है। तीखी धूप बदन को जला रही है। उमस भरी गर्मी से परेशानी बढ़ गई है। जब कभी हवा चल रही तो राहत मिल रही है।

गर्मी का आलम यह है सड़क पर पैदल एवं बाइक पर चलना मुश्किल हो गया है। जिस किसी तरह अपने शरीर को ढककर लोग चल रहे हैं। खासकर सबसे ज्यादा परेशानी कोचिंग जाने-आने वाले छात्र-छात्राओं को हो रही है। दोपहर पढ़ाई करने जा रही छात्रा रानी नेहा व कविता ने बताया कि तेज हवा एवं लू के कारण कोच्चग आने-जाने में परेशानी हो रही है। तेज गर्म हवा के कारण पूरा शरीर झुलस जा रहा है।

### घरों से निकलने से परहेज करे

*वही चिकित्सकों ने बताया कि लू के कारण डिहाइड्रेशन व बुखार की शिकायत बढ़ रही है। तपती धूप में घरों से निकलने से परहेज करें। आवश्यक समझें तो घरों से बाहर निकले। धूप से बचने की भरपूर कोशिश करें। खूब पानी पिएं। हो सके तो नींबू पानी का इस्तेमाल कर, हल्का खाना खाएं। खुले स्थानों पर रखे फल एवं अन्य सामान को खाने से परहेज करें। लू की शिकायत हो तो फौरन डाक्टर के पास पहुंचें। कहा कि इस मौसम में डिहाइड्रेशन व बुखार की शिकायत ज्यादा मिलती है। डिहाइड्रेशन होने पर ओआरएस घोल का इस्तेमाल करें। ज्यादा बुखार होने पर ठंडा पानी से नहाएं। गर्मी के मौसम में पानी खूब पिएं, पानी ही लू का बचाव है।*

## मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ व शक्ति का प्रतीक तलवार भेंट कर किया अभिनंदन

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार : नायब सैनी



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व मुख्यमंत्री को तलवार भेंट करते भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश के अंदर लोगों ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने भारी संख्या में मौजूद कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर व शक्ति का प्रतीक तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान बंता राम वाल्मिकि ने अपने साथियों के साथ भगवान वाल्मिकि का चित्र भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने इस मौके पर उपस्थित कार्यकताअरं को बधाई देते हुए व उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत के बलबूते पर कुरुक्षेत्र लोकसभा में कमल का फूल खिला है, जिसके लिए व उन्हें सलाम करते है, दिल से धन्यवाद करते है और हाथ जोडकर राम-राम करते है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा में साढे 9 वर्षो में डबल इंजन सरकार ने जबरदस्त काम किए है। योजनाबद्घ तरीके से आमजन के हितों को सुरक्षित करते हुए उन्हें मजबूत करने का काम किया है। आज प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से ज्यादा वोट हासिल किए है। पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ बोलकर लोगों के बीच यह भ्रम फैलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते है तो सविधान और आरक्षण को समाप्त कर देंगे। उन्होंने सविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा भ्रम फैलाकर वोट हासिल करने का काम किया है। कार्यकताअरं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षों में तथा डबल इंजन सरकार द्वारा आमजन के लिए जो अभूत पूर्व कार्य किए गए है उन कामों के बल पर वह लोगों के बीच जाकर कांग्रेस ने जो झूठा प्रचार किया है उसका पदार्फाश करने का काम करें।

### 85 लाख लोगों के बनाए हैप्पी कार्ड

*हैप्पी कार्ड योजना के तहत 85 लाख लोगों के कार्ड बनाएं गए है जिसके माध्यम से सम्बन्धित लाभार्थी एक हजार किलोमीटर प्रति वर्ष यात्रा निःशुल्क कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुर्सी पर बैठते ही सबसे पहले हस्ताक्षर किए है और इसके माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आगामी 5 सालों में राशि उपलब्ध करवाई जाएगी और देश के किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि जाएगी। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को मकान उपलब्ध करवाने का काम किया गया है। आगामी 5 वर्षों में 3 करोड़ और मकान उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। मंच संचालन की भूमिका प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने निभाई। इस मौके पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा,भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान,पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, पूर्व विधायक डा.पवन सैनी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रभारी कुरुक्षेत्र जगमोहन आनंद, जिला परिषद चेयरपर्सन कवलजीत कौर, प्रदेश सचिव राहुल राणा, चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर, धुमन सिंह किरमच, धर्मवीर डागर, शलेष वत्स, देवेन्द्र शर्मा, सरदार हरपाल सिंह चीका, गुरनाम सैनी के साथ-साथ मंडल अध्यक्ष, जिला मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष के साथ-साथ भाजपा के अन्य पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

### 90 दिन की रूप रेखा तैयार

नायब सिंह सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि वे श्वेत पत्र जारी करें कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कितनी नौकरियां कैसे दी है वह सबके सामने है। भाजपा ने पिछले साढे नौ वर्षों में बिना पर्ची खर्ची के कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा नौकरियां देने का काम किया है। सैनी ने इस मौके पर कार्यकताअरं में जोश भरते हुए कहा कि वे मजबूती के साथ लोगों के बीच जाए और उन्हें सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताए। उन्होंने कहा कि अक्तूबर 2024 में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा द्वारा आगामी 90 दिन की रूप रेखा तैयार कर ली गई है। इन 90 दिनों में आमजन के लिए हर रोज कोई ना कोई नई योजना या अन्य लोकहित के कार्य करते हुए उन्हें मजबूत करने का काम किया जाएगा। करनाल लोकसभा व विधानसभा में कमल का फूल खिलाने के लिए उन्होंने वहां की जनता का विशेष तौर पर आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि जहां पर पंचायत के पास जमीन नहीं है और लाभार्थी ने यदि मकान के लिए पोर्टल पर पंजीकरण किया हुआ है तो औपचारिकता पूरी करते हुए उसे एक लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी और यह राशि उनके सीधे खाते मे जाएगी। आयुष्मान कार्ड/चिरायु कार्ड योजना से लोगों को चिकित्सा का लाभ सुगमता से मिल रहा है।

# भारत विकास परिषद ने रेलवे स्टेशन पर लगाई छबील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

निर्जला एकादशी के दिन भारत विकास परिषद ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई। परिषद के प्रवक्ता डॉ संजय शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद समय समय पर जनहित कार्यों में हमेशा आगे बढ़ कर कार्य करती है। भारत विकास परिषद समाज एक ऐसी संस्था है, जोकि सेवा एवम संस्कार के प्रकल्पों के माध्यम से राष्ट्रीयता का भाव जगाते हुए भारतीय संस्कृति एवं उसके आदर्शों के उत्थान और युवा पीढ़ी में समर्पण का भाव जगाने के लिए प्रयासरत है। भारत विकास परिषद समय समय पर देश भक्ति गीत गायन, भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगा कर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।इस अवसर पर सुभाष बंसल, अतुल गोयल, जयप्रकाश पंवार, डॉ अनुज, डॉ विद्याव्रत चिकारा, डॉ अशोक चौधरी, जवाहर लाल, सुरेश अरोड़ा, रमेश गुलाटी, सुशील सूद, बलजीत चावला, महेन्द्र सुमरान, डिम्पल शर्मा, अनिरुद्ध गोयल, आशीष, आशा ढलवाल, अशसीब, शारदा गुलाटी, डॉ सुनील बाला, जगदीश अरोड़ा, राजीव गाबा इत्यादि मौजूद रहे।

### प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र



कुरुक्षेत्र। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और बलविंदर सिंह काहलवां सचिव धर्म प्रचार समिति श्री अमृतसर डेरा कार सेवा जत्थेदार, हरभजन सिंह मसाना वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुखविंदर सिंह प्रभारी सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र, बाबा रूबी के नेतृत्व में बाबा चरण सिंह जी जी कार सेवा बाबा अमरीक सिंह जी पटियाला वाले एवं गुरु ग्रंथ साहिब जी सेवा सोसायटी कुरूक्षेत्र द्वारा बच्चों के लिए 16 दिवसीय गुरमति एवं संगीत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के समापन के बाद धर्म प्रचार कमेटी की ओर से गुरमत समारोह का आयोजन कर भाग लेने वाले बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
फोटो परिचय
कुरुक्षेत्र। 17केयूके02

# हरियाणा बैरागी महासभा के प्रधान बने ज्ञान सिंह

- समाज के 2500 गणमान्य व्यक्तियों ने सभा में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। विजयी चिन्ह बनाते नए कार्यकारिणी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरियाणा बैरागी महासभा का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें समाज के लगभग 2500 गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 600 मतदाताओं ने भाग लिया। चुनाव में सुभाष चंद मलिक गांव गोली व ज्ञान सिंह गांव सीतामई अपने अपने पैनल के साथ भाग ले रहे थे। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सुचारू रूप से संपन्न हुई। चुनाव में बैरागी समाज की सक्रिय भागीदारी के साथ लगभग 85 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद मौके पर ही मतपत्रों की गिनती के बाद ज्ञान सिंह सीतामाई के पैनल को विजयी घोषित किया गया। इस पैनल में ज्ञान सिंह गांव सीतामाई प्रधान, देवेंद्र कुमार दिल्ली वरिष्ठ उप प्रधान, जय सिंह भिंडारी उप प्रधान, देवेंद्र कुमार पप्पू उप प्रधान, दया सिंह स्वामी सचिव, सुशील चित्रा सह सचिव एवं रामनिवास कोषाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित हुए। प्रधान ज्ञान सिंह बैरागी ने शांति पूर्ण चुनाव करने के लिए समाज का आभार प्रकट किया। सचिव दया सिंह स्वामी ने कहा कि समाज ने हमारे पैनल पर जो विश्वास जताया है हम समाज के लोगों के साथ मिलकर धर्मशाला कुरुक्षेत्र व हरिद्वार तथा समाज की उन्नति के लिए भरसक प्रयास करेंगे। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया बहुत ही शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

# रोटरी क्लब ने लगाया योग शिविर, 66 ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद


शाहबाद। शिविर में भाग लेते सदस्य।

रोटरी क्लब शाहाबाद यूनिट द्वारा लाडवा रोड स्थित एक निजी होटल में योग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत रोटरी शाहाबाद के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके की, जबकि रोटरी सदस्य आर डी गुप्ता ने प्रोजेक्ट चैयरमेन की भूमिका निभाई। यह शिविर योग इंस्ट्रक्टर कर्मवीर सिंह चौहान की देख-रेख में सम्पन्न हुआ और इस शिविर का 66 रोटरी सदस्यों ने लाभ लिया। अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने बताया कि योग यह शिविर योग दिवस को समर्पित रहा और इस शिविर का उद्देश्य योग साधकों को विभिन्न योग क्रियाओं की जानकारी देना और अभ्यास करवाना था। इस मौके रोटरी सदस्य अमित गुप्ता, विपुल गुप्ता, सचिव राजीव कालड़ा, अंशुल बंसल, डॉ. आर एस घुम्मन, मुकेश गोयल, एस एस खुराना, राज कुमार गर्ग, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. उमेश गुप्ता, डॉ.रविंदर वधवा, डॉ. कुलदीप गुप्ता, विक्रम गुप्ता, डॉ. एस एस आहूजा, श्वेता गर्ग, अनु गर्ग, सविता गुप्ता, आरती गुप्ता और कमलेश ठकुराल सहित सदस्य उपस्थित रहे।

# बच्चों को सिख ऐतिहासिक अस्थानों के दर्शन करवाएं : बीबी रविंदर कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के मध्य भोग की अरदास में शामिल संगत। फोटो : हरिभूमि

मीरी-पीरी के दाते श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व समागम में हजारों की तादाद में पहुंची संगत ने सोमवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और पहली लड़ी में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का श्री अखंड पाठ श्रवण किया। यही नहीं, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने यहां पहुंच रही संगत को अपने घरों में गुरमुखी (मातृभाषा पंजाबी) का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के पदाधिकारियों ने संगत से आह्वान किया कि अपने बच्चों को पंजाबी भाषा सिखाने, गुरमत से जोड़ने एवं सिखो के ऐतिहासिक अस्थानों के दर्शन करवाने की अपील की। यह सब वर्तमान में पश्चिमी सभ्याचार से प्रभावित हो रही युवा पीढ़ी के साथ-साथ बच्चों को अपनी मातृभाषा पंजाबी सीखने के लिए प्रेरित करने हेतु किया गया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर, प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना व संस्था के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बीबी रविंदर कौर ने गुरुद्वारा साहिब पहुंची संगत खासतौर पर महिलाओं से आह्वान किया कि वे घरों में केवल मातृभाषा पंजाबी का प्रयोग करें।

## उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की मीटिंग लाडवा में हुई संपन्न

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारी यूनियन ने बनाई आंदोलन की रूपरेखा

- संचालन प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने किया
- फील्ड के कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए निर्णय लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 मुख्यालय करनाल की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की मीटिंग लाडवा में प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने किया। मीटिंग में पूर्व प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान में मुख्य सलाहकार विश्वनाथ शर्मा, प्रांतीय चेयरमैन रणवीर दलाल, प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान जिले सिंह भड़ाना, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पवन रजाना, प्रांतीय मुख्य प्रैस प्रवक्ता रामकुमार प्रजापत उपस्थित रहे। मीटिंग में फील्ड के कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर समाधान के लिए निम्नलिखित निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन से हरियाणा कर्मचारी महासंघ में जो राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी व विभागीय संगठन के प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व जिला प्रधान /सचिवों की कन्वेंशन लोक निर्माण विभाग के यूनियन कार्यालय जींद में 29 जून 2024 को समय 10 बजे होनी निश्चित हुई है व आज की मीटिंग में 7 नवंबर 2023 को मंत्री जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डॉक्टर लाल बनवारी लाल से यूनियन शिस्ट मंडल की हुई मीटिंग मीटिंग में मानी गई मांगों को लागू न करने के विरोध में 25 जुलाई 2024 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ बनवारी लाल के आवास बावल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन सौपा जाएगा। 6 अगस्त को सिंचाई विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ अभय सिंह यादव के आवास नारनौल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन दिया जाएगा व 22 अगस्त को मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के गृह क्षेत्र नारायणगढ़ में कैंप कार्यालय का घेराव करके कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ये है मुख्य मांगे

हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग करके सभी विभागों के प्रदेश भर के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, नए डब्ल्यू पी ओ सहित तृतीय श्रेणी के पदों पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को 35400 का वेतनमान दिया जाए, पुरानी पेंशन नीति बहाल की जाए कैनाल गार्ड के पद पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी का वेतनमान दिया जाए, लोक निर्माण विभाग के रोड इंस्पेक्टर के 51 पदों को बहाल किया जाए आदि यदि समय रहते हरियाणा सरकार द्वारा इसके बावजूद भी कर्मचारियों की मांगों में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में संगठन तीखा आंदोलन करने पर मजबूर होगा जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

# राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रधान बने राजीव थरेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की मीटिंग प्रदेशाध्यक्ष गुलशन डंग व राष्ट्रीय महासचिव विकास गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से राजीव थरेजा को जिला प्रधान मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गुलशन डंग ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ मीडिया एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यापारी वर्ग सहित सभी वर्गों की समस्याएं सरकार तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि उनका संगठन व्यापारी वर्ग की समस्याओं को लेकर लोकल,जिला स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाता है और कई बार समस्याओं के समाधान के लिए धरने प्रदर्शन तक भी करने पड़ते हैं। व्यापारी को किसी भी सूरत में नुकसान हो जाये,उसकी भरपाई के लिए 48 करोड़ रुपये बीमा कम्पनियों को दिए गए,लेकिन अफसोस धरातल पर उसका जिससे व्यापारियों को सहूलियत मिल सके। राष्ट्रीय महासचिव विकास गर्ग ने कहा कि व्यापार संगठन का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाना है। इस मौके पर अवतार सिंह वालिया,संदीप नन्दा, तेजेन्द्र वालिया, प्रवेश चड्डा, सुनील सिंगला व जसवंत आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजकुमार व आरोपी निर्मल सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। जनसुई के अंकित गुलाटी ने 15 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी राजकुमार व अन्य ने उसकी दुकान गुलाटी मार्बल मटेहडी से टाइल, पेंट, सीमेंट वगैरा चोरी कर लिये है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आरोपी को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में 16 जून 2024 को पुलिस ने आरोपी हिमांशु को मामले में शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 1जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जुलाई 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### 24 बोतल शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी संजय को 24 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को शराब समेत रंगे हाथों काबू किया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### 12 ग्राम हेरोइन के साथ बाइक सवार दंपति काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने रेवर-दातासिंह वाला रजबाहा पुल पर बाइक सवार दंपत्ति को काबू कर उनके कब्जे से 12 ग्राम हैरोइन बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराना बस स्टैंड पर मिले शव की हुई पहचान

**सफीदों।** नगर के पुराना बस स्टैंड से मिले एक व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान गांव पाजू खुर्द निवासी जगमाल के रूप में हुई है। मृतक के परिजन नगर के नागरिक अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

### प्रदेश बिजली उत्पादन के क्षेत्र में जल्द होगा आत्मनिर्भर: नायब सैनी

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब आदमी बना सशक्त

**25 करोड़ गरीब परिवारों को योजनाबद्ध तरीके से गरीबी रेखा से ऊपर उठाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


लोगों को संबोधित करते हुए सीएम नायब सिंह।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय कैसे हो, उसे किस प्रकार मजबूत बनाया जाए। पिछले 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब को सशक्त बनाकर उन्हें गरीबी से बाहर निकालने का काम किया है। इस दौरान 25 करोड़ गरीब परिवारों को योजनाबद्ध तरीके से गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। आज से प्रदेश में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से भी गरीब व्यक्ति को मजबूत करने का कार्य नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया है। प्रधानमंत्री की इस परिकल्पना को शतप्रतिशत धरातल पर उतारने का काम यह डबल इंजन की सरकार कर रही है।

#### देश ग्रीन एनर्जी की तरफ तेजी से अग्रसर

सीएम नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सौर ऊर्जा पर बहुत ही तेजी से कार्य हो रहा है। वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री जी ने गुरुग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सचिवालय का उद्घाटन किया था उसके बाद देश ग्रीन एनर्जी की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में सोनीपत में गरीब परिवारों को 100 -100 वर्ग गज के प्लाट आवंटन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विधानसभा में न केवल इसके लिए बिल पास करवाया बल्कि अलग से बजट में प्रावधान किया गया। हाल ही में 7500 से अधिक पात्र लोगों को प्लाट का कब्ज़ा और कागज प्रदान किए गए है। इसके अतिरिक्त जहां पंचायत के पास प्लाट देने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है वहां पर पात्र व्यक्ति के खाते में प्लाट खरीदने के लिए 1,00,000 देने का प्रावधान भी किया गया है। साथ ही हैप्पी योजना का शुभारंभ भी किया है जिसके तहत 1 लाख से कम आय वाले 23 लाख परिवारों के 84 लाख लोगों को एक साल में 1000 किलोमीटर तक हरियाणा रोडवेज में मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के पश्चात सबसे पहले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 20,000 करोड़ रूपए की राशि जारी करने का कार्य किया। साथ ही जिस प्रकार केंद्र सरकार ने अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीब लोगों को मकान बनाकर दिए, उसी प्रकार आने वाले 5 साल में 3 करोड़ और मकान देने पर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच में देश में एक बड़ा अंतर देखने को मिला है, चाहे वह सडक़ों की बात हो, यूनिवर्सिटी की बात हो, मेडिकल कॉलेज हो, मेडिकल यूनिवर्सिटी की बात हो या आधारभूत विकास की बात हो। देश इन सभी क्षेत्रों में तेजी गति से आगे बढ़ा है। हरियाणा में भी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में इस दौरान चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया गया है। लड़कियों को 20 किलोमीटर की परिधि में कॉलेज की सुविधा प्रदान करवाने के अतिरिक्त जिन परिवारों की आय 1,80,000 रूपए से कम है उन लड़कियों की पढ़ाई का खर्चा हरियाणा सरकार वहन कर रही है इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि यह अंबाला के लिए ऐतिहासिक दिन है। पिछले कुछ वर्षों में पॉवर सेक्टर में हरियाणा को बहुत अच्छा माइलेज मिला है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्रायल के अंतर्गत कार्यरत दोनों कंपनी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ए प्लस केटेगरी में आ गई है। हमारा न केवल लाइन लॉसेस न्यूनतम स्तर पर आया है बल्कि आज पूरे देश में

इससे पहले परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रदेश के लोगों के जीवन में उजाला भरने का काम करेगी।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, मंडलायुक्त रेणू फूलिया, सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, उपायुक्त डॉ. शालीन, एसपी जशनदीप सिंह रंधावा, एसडीएम दर्शन कुमार, जिला परिषद के चेयरमैन राजेश लाडी, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, पूर्व विधायक राजबीर बराडा, रितेश गोयल, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्म सिंह, पूर्व मेयर रमेश मल, सुंदर ढींगरा, मंडल प्रधान गुरजंट सिंह, निगम सदस्य मनीष आन्नद मनी, हितैष जैन, अर्चना छिब्बर, आशीष तायल, टीटू घई, रमेश पाल नोहनी भी मौजूद रहे।


**अंबाला।** भाजपा में शामिल लोगों को पटका पहनाकर स्वागत करते अनिल विज।

## जजपा को झटका, मच्छौंडा से भारी संख्या में पदाधिकारी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल

- पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने सभी ग्रामीणों को पार्टी का पटका पहनाकर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर सोमवार को उनके आवास पर जेजेपी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला प्रधान मच्छौंडा के तरविंद्र सिंह सोनू ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों सहित भाजपा का दामन थामा और उनका आर्शीवाद लिया। विज ने सभी को भारतीय जनता पार्टी के पटके पहनाकर उनका पार्टी में तहे दिल से स्वागत किया तथा जनता के हित में बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा के मच्छौंडा से प्रधान सुरेंद्र सिंह के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। विज ने भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को बढ़चढ़ कर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी के विकास के लिए ढेरों कार्य करवाए है जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। भाजपा में शामिल हुए तरविंद्र सिंह व अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि अनिल विज की बदौलत छावनी दिन-रात तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है। शाहपुर व मच्छौंडा क्षेत्र में सड़कें, स्ट्रीट लाइटें, रेलवे अंडर पास का निर्माण, धर्मशालाओं का निर्माण, बेहतर पेयजल एवं बिजली आपूर्ति हो रही है। पूर्व सरकारों ने केवल वायदे किए जबकि अनिल विज ने जनता के लिए धरातल पर काम करके दिखाए। सुभाष पार्क सैर-सपाटा करने के लिए नंबर एक स्थान बन गया है और बाहर के शहरों से लोग यहां आ रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा हुआ है और सिविल अस्पताल में आज दूसरे राज्यों से लोग ईलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

#### ये रहे मौजूद

भाजपा में जेजेपी नेता तरविंद्र सिंह के अलावा कुलविंद्र सिंह, परविंद्र सिंह, रणजीत सिंह, तेजिंद्र सिंह, परमजीत सिंह, तरविंद्र सिंह, बलवंत सिंह, बलजिंद्र सिंह, वतनप्रीत सिंह, हर्ष सिंह, रमनदीप सिंह, हरविंद्र सिंह, रणजीत सिंह, तेजिंद्र सिंह, सतविंद्र सिंह, बलविंद्र सिंह, सुखदर्शन सिंह, जगजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल प्रधान किरणपाल चौहान, पूर्व प्रधान बलविंद्र सिंह शाहपुर, महासचिव रामबाबू यादव, नरेंद्र राणा, संजीव सोनी, राजबीर सिंह, लेखराज, प्रमोद लक्की, सन्नी, पूर्व सरपंच सुरेश, सोहनलाल के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बकरीद पर मुस्लिमों ने अमन-शांति के लिए अता की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** बकरीद के मौके पर नमाज अता करते पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोग।

ईद-उल-जुहा (बकरीद) का पर्व रणजीत नगर स्थित बादशाही मस्जिद में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ईद की नमाज हाफिज व कारी मौलाना अंसार रजा ने पढ़ाई और बड़ी तादाद में एकत्र हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन और शांति की दुआ की। यहां बोलते हुए अंसार रजा ने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, किसी की भी धार्मिक भावना को आहत नहीं करना चाहिए। रजा-ए- मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी के प्रधान मोहम्मद मेराज आलम ने बताया कि ईद दो पैगबंरों इस्माइल व इब्राहिम अस की बेमिसाल कुबार्नी की याद में मनाई जाती है। ईद पर गरीबों व जरूरतमंदों का ख्याल रखना इस्लाम ही नहीं बल्कि इंसानियत का अव्वल फर्ज है। मेराज आलम ने कहा कि इस महीने में दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोग हज यात्रा में जाते है। उन्होंने बताया कि सही मायने में ईद उल जुहा (बकरीद) त्यौहार त्याग का प्रतीक है। मुस्लिमों के मुख्य त्यौहारों में से यह त्यौहार लोगों की सेवा करने की तरफ प्रभावित करता है। आलम ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि हमें रब की मोहब्बत में अपनी अजीज चीज को भी कुर्बान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन के लिए बस की रवाना



- तीर्थ यात्रा योजना के तहत यात्रा में शामिल हुए 38 श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत जिला से अयोध्या धाम के लिए एसी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस में 38 तीर्थ यात्री सवार थे, जो अयोध्या जाएंगे और श्री राम मंदिर के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राम के दर्शनों के लिए मां अंबा की पवित्र भूमि से जत्था रवाना किया है। एक लंबे समय बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का दिव्य और भव्य मंदिर बना है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जरिए प्रदेश के लाखों श्रद्धालु निशुल्क रूप से देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर से अब तक 7 एसी वोल्वो बसे प्रदेश सरकार की तरफ से रवाना की जा चुकी हैं। सैकड़ों यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं। इस अनोखी योजना से श्रद्धालुओं की आस्था को भी सम्मान मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम जा रहे श्रद्धालुओं से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं दी।

#### डीएवी स्कूल के प्रांगण से दिखाई हरी झंडी

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण से सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत एसी वोल्वो बस को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर परिवहन मंत्री असीम गोयल, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, उपायुक्त डॉ. शालीन, एसपी जश्न दीप सिंह रंधावा, संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता, जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, कर्म सिंह, रितेश गोयल के अलावा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं को सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से एक-एक किट बैग भी उपलब्ध करवाया गया। बता दें कि हरियाणा सरकार ने श्रद्धालुओं को निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए आयु 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और परिवार की आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐसे श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## पानी से त्रस्त जनता, कहीं बाढ़ का डर तो कहीं पीने के पानी का संकट

- कांग्रेस नेत्री चित्रा बोली सरकार बाढ़ग्रस्त अंबाला की राहत राशि पर जारी करे श्वेत पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** जल संकट को लेकर एक कॉलोनी के लोगों से मुलाकात करती चित्रा सरवारा।

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने पिछली बार जिले में आई बाढ़ पर भाजपा सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों से पूछे सवाल। उन्होंने पूछा कि इस बार सरकार ने बाढ़ से निपटने के लिए क्या तैयारी की है? सरवारा ने कई इलाकों का दौरा करते हुए कहा कि इस बार फिर मानसून सर पर है। सरकार ने पिछली बार हुए नुकसान पर किस-किस को कितना-कितना मुआवजा दिया? इस बारे में भी सरकार श्वेत पत्र जारी करें। अभी तक सोए हुए जिला प्रशासन ने पिछली बार बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन तक नहीं किया, अभी भी जिला में सभी नाले गाद से भरे पड़े हैं। सफाई की व्यवस्था तक नहीं की गई। न ही टांगरी नदी के तटबंधों को मजबूत किया गया और फिर बाढ़ आने के बाद नुकसान होने पर इंतजाम करेगी सरकार। उन्होंने कहा कि मानसून के सिर पर होने के बाद जिले के हालात को देखते हुए कटाक्ष करते कहा कि आने वाली बरसात के बाद बाढ़ और कहीं पड़े सूखे को लेकर अब पूरे जिले की जनता त्रस्त नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि कितने ही इलाके ऐसे हैं जहां लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए या तो अपने पैसे से पानी के टैंकर मंगवा कर या सरकार की तरफ पानी के टैंकर भेजने की तरफ टकटकी लगाए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी इस प्रकार से परिभीषण गर्मी और नल में पानी न आने की वजह से कई इलाकों में उन्होंने स्वयं कॉलोनी में टैंकर भिजवाकर लोगों की प्यास बुझाई थी। सरवारा ने कहा अबकी बार मौसम विभाग द्वारा अधिक बारिश होने का अलर्ट जारी किया है लेकिन अम्बाला में पानी निकासी के लिए ड्रेनेज निर्माण और ड्रेनेज को चौड़ा करने, उनमें स्टड लगाने, तट बंद मजबूत करने के सरकार के 80% दावे अधूरे पड़े दिखाई दे रहे हैं। पिछली बार भी बाढ़ के बाद लोगों को सरकार द्वारा भुखा और प्यासा छोड़ दिया गया और लोगो को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। कहीं ट्यूबवेल खराब पड़े थे, बाढ़ विभीषिका के कारण कई लोगों के घर डूब गए थे, उनका सामान बाढ़ में बह गया था, ज्यादातर फसले पानी में बह गई थी यहां तक कि बाढ़ में बहने वाले मवेशियों का भी अभी तक नहीं पता चल पाया लेकिन मंत्री नेता अपनी पब्लिसिटी करवाने के लिए बोट्स में चढ़कर फोटो खिंचवाने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि जब भी टांगरी नदी,इंडस्ट्री एरिया व आस पास के इलाकों में कहीं प्रोग्राम करने जाती हैं तो महिलाओं के आंखों में आंसू आ जाते हैं और उनका रो-रो कर बुरा हाल हो जाता है कि इस बार फिर अगर बाढ़ आई तो वे इससे कैसे निपटेंगे क्योंकि पहले भी उनके लाखों का नुकसान हो चुका है।

## धूमधाम से मनाई गई बकरीद, मुस्लिमों ने ईदगाहों और मस्जिदों में जमात के साथ अता की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कस्बा व आसपास के इलाकों में बकरीद बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। गांव तंदवाल, जलुबी, मुलाना, सिरसगढ़ व अन्य कई जगहों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर बकरीद की नमाज पढ़ी। इस मौके पर सभी ने नमाज के बाद खुत्बा सुना, देश की अमन व शांति के लिए दुआ मांगी और एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद के पर्व की बधाई दी। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी थी। बकरीद का यह त्यौहार हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की अल्लाह के प्रति निष्ठा और उनकी आज्ञा का पालन करने की भावना की याद में मनाया जाता है।



#### बकरीद का इतिहास

बकरीद का इतिहास हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) और उनके पुत्र हजरत इस्माइल (अलैहिस्सलाम) से जुड़ा है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, हजरत इब्राहीम को सपना दिखा जिसमें अल्लाह ने उन्हें अपने प्रिय पुत्र हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने का आदेश दिया। हजरत इब्राहीम ने इस आदेश को अल्लाह की आज्ञा मानकर पालन करने का निर्णय लिया। जब हजरत इब्राहीम ने अपने पुत्र हजरत इस्माइल की कुर्बानी करने की कोशिश की, तब अल्लाह ने उनकी निष्ठा और आज्ञाकारिता को देखते हुए, हजरत इस्माइल को एक मेमने से बदल दिया। इस प्रकार, हजरत इब्राहीम ने अल्लाह की परीक्षा को उत्तीर्ण किया और उनके पुत्र को सुरक्षित रखा। इस घटना को याद करते हुए, मुसलमान बकरीद के दिन जानवरों की कुर्बानी करते हैं। बकरीद के दिन मुसलमान जानवरों की कुर्बानी करते हैं और कुर्बानी के उस मांस को अपने परिवार, दोस्तों और जरूरतमंदों में बाँटते हैं।

## धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी नरेंद्र उर्फ जोनी को मामले में शामिल जांच किया है। पीडित महिला ने 16 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी नरेंद्र उर्फ जोनी व अन्य ने उससे तथा उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने शहीद स्मारक को लेकर की समीक्षा बैठक

# शहीद स्मारक के निर्माण कार्य में लाएं तेजी: अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** शहीद स्मारक का मुआयना करने जाते पूर्व गृहमंत्री अनिल विज।

पूर्व गृह मंत्री एवं अम्बाला कैंट से विधायक अनिल विज ने सोमवार को आजादी की पहली लड़ाई पर आधारित शहीद स्मारक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की और निर्माण कार्य का मुआयना किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार और पीडब्लूडी को काम में तेजी लाने और इस प्रोजेक्ट को अगस्त महीने तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी भी मौजूद रहे।

बैठक के बाद पूर्व गृह मंत्री एवं अंबाला कैंट से विधायक अनिल विज ने कहा कि 1857 में आजादी की पहली लड़ाई में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्मारक बनाया जा रहा है। इसका सिविल वर्क करीब 90 फीसदी पूरा हो चुका है अब इसके आर्ट वर्क का काम जारी है। इस स्मारक में आजादी की पहली लड़ाई को शुरू से आखिरी तक दिखाया जाएगा, जिसमें झांसी की रानी, तांत्या टोपे, हरियाणा के शहीद राव तुलाराम जी को भी दिखाया जाएगा।

आजादी की पहली लड़ाई भी अम्बाला छावनी से शुरू हुई थी और यह स्मारक भी यहां बनाया जा रहा है। विज ने कहा कि मैं स्मारक के निर्माण कार्यों को लेकर नियमित बैठक ले रहा हूं। हम चाहते हैं कि यह अगस्त महीने तक पूरा हो जाए। इसको लेकर निरंतर संबंधित विभाग व कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिए जा रहे हैं।

हिंदुस्तान के टॉप इतिहासकारों की कमेटी बनाई गई है, जो इससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को लिखकर दे रही है। इसमें 2 हजार लोगों के बैठने का ओपन एयर थियेटर बनाया गया है। इस थियेटर में 1857 की क्रांति पर आधारित फिल्म भी दिखाई जाएगी।

विज ने शहीद स्मारक के निर्माण कार्य को लेकर मुआयना किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग एरिया के निर्माण को जल्द पूरा करने, स्मारक में बने फ़ूड कोर्ट को शीघ्र अलॉट करने के निर्देश दिए तथा जायजा लिया। बैठक में पीडब्लयूडी के अधीक्षक अभियंता नवनीत नैन, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, एसडीओ इलेक्ट्रिकल सुखदेव सिंह, जेई पीडब्लयूडी अश्वनी, ठेकेदार अभिमन्यु गुप्ता, डिजाइनर कंसलटेंट रितिका भी मौजूद रही।